Email I.D. - eecdupjnagra@gmail.com फोन नं0 0562–2857092

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उत्तर प्रदेश जल निगम, (ग्रामीण), 4/4 संजय प्लेस, आगरा–282002

पत्रांक :– 899 / समाचार कटिंग/विज्ञापन/18 दिनांक :– 05/08/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम,
6 राणा प्रताप मार्ग,
लखनऊ।

विषयः– <u>दिनांक 04.08.2026 को समाचार पत्र जागरण संवाददाता, आगरा के ई–पेपर में प्रकाशित ''आगरा में जल जीवन मिशन में लापरवाही, हैदराबाद की मेघा इंजीनियरिंग पर लगा 25 करोड का जुर्माना'' के सम्बन्ध में।</u>

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 04.08.2026 को समाचार पत्र जागरण संवाददाता, आगरा के ई–पेपर में प्रकाशित शीर्षक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जनपद आगरा में जल जीवन कार्यक्रम फेज–4 के अन्तर्गत सतही जल स्रोत आधारित पाइप पेयजल योजना के कार्य प्रगति पर है, जिसमें पैकेज–1 के अन्तर्गत मैसर्स एन.सी.सी. एपको (जे.वी.) द्वारा 17 नग क्लीयर वाटर रिजर्ववायर एवं 1767 कि0मी0 राइंजिंगमेन बिछाने का कार्य प्रस्तावित है एवं पैकेज–2 के अन्तर्गत मैसर्स मेघा इंजीनिरियंग एण्ड इंफ्रास्ट्रेचर लि0 द्वारा 407 नग शिरोपरि जलाशय के निर्माण 7568 कि0मी0 वितरण प्रणाली एवं 296833 नग गृह जल संयोजन का कार्य प्रस्तावित है।

उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि माह अक्टूवर– 2024 से केन्द्रांश प्राप्त न होने के कारण दोनों फर्मो का भुगतान लम्बित था, जिसके चलते कार्यो की प्रगति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है जिससे कार्य की प्रगति अत्यन्त धीमी हो गयी थी। योजना अन्तर्गत मैसर्स मेघा इंजीनियरिंग द्वारा पेयजल पाइप लाइन बिछाने के उपरान्त 1318.18 कि0मी0 सडको की खुदायी की गयी जिसके सापेक्ष 1197 कि0मी0 रोड पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण करा दिया गया एवं शेष कार्य प्रगति पर है एवं यह भी अवगत कराना है कि ठेकेदार के द्वारा सी0सी0 रोड को तोड कर सी0सी0 रोड बनायी जा रही है। उक्त का परीक्षण टी0पी0आई0 के द्वारा किया जाता है। यदि कार्य असन्तोष जनक पाया जाता है तो नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

योजना अन्तर्गत आगरा पैकेज–02 में मैसर्स मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा0लि0 की कार्य लागत रू0 964.36 करोड है जिसके सापेक्ष धीमी प्रगति के कारण अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के पत्रांक 1848/Tech-07(Agra Phase-04)/2024-25 दिनांक 20 अगस्त–2024, पत्रांक 2196/Tech-07(Agra Phase-04)/2024-25 दिनांक 09 सितम्बर–2024 एवं पत्रांक 2872/Tech-07(Agra Phase-04)/2024-25 दिनांक 22 अक्टूबर, 2024 के द्वारा 03 प्रतिशत Liquidated Damage अधिरोपित की गयी है, जिसकी कटौती फर्म के बीजकों से की जा रही है। यहा यह भी अवगत कराना है कि कुल प्राप्त 1302 शिकायत प्राप्त हुई जिसके सापेक्ष 1186 का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक कराया गया है एवं शिकायतकर्ता से संतुष्टि पत्र भी लिया जाता है।

अतः जल जीवन मिशन फेज–4 के अन्तर्गत चल रही योजना के दोनों पैकेज के कार्यो को पूर्ण करने हेतु शासन द्वारा माह दिसम्बर–2027 तक लक्षित किया गया है। उक्त के सम्बन्ध में मैसर्स मेघा इंजीनिरियंग एण्ड इंफ्रास्ट्रेचर लि0 को समयान्तर्गत कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

(अवनीश सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

<u>पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।</u>

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी, आगरा।
2. मुख्य विकास अधिकारी, आगरा।
3. मुख्य अभियन्ता (आ0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
5. अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), आगरा।
6. सम्पादक जागरण संवाददाता, जनपद–आगरा।

अधिशासी अभियन्ता

lucknow